हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–91 : जौनपुर, बुधवार 25 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सपा अपराधियों की समर्थक : भाजपा सरकार में 'लड़के हैं गलती हो जाती है' नहीं कहा जाता– सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा और तीखा तंज कसते हुए कहा कि क्या जीरो टॉलरेंस अपराध हो जाने के बाद की नीति है? मुख्यमंत्री जी बताएं कि अपराध न हों इसके लिए वह क्या कर रहे हैं? इस पर नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि अपराध किसी प्रकार का हो वह अक्षम्य है। खासकर महिला संबंधी अपराध। इसे लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। अपराधियों के खिलाफ कठोरतापूर्वक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सरकार है। यहां अपराधियों के बारे में यह नहीं कहा जाता कि 'लड़के हैं गलती हो जाती है'। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी है तो जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्रवाई होती है। नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) ने भी स्वीकार किया है कि कार्रवाई होती है। सपा हर उस अपराधी का समर्थन करती है, जो उत्तर प्रदेश में अराजकता के पर्याय रहे। गुंडागर्दी जिनका पेशा था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बीते पांच वर्षों में कानून–व्यवस्था के बेहतर माहौल ने ही इस सरकार को फिर से इतना व्यापक जनसमर्थन दिलाया है। 'प्रत्यक्षं किं प्रमाणं।' यहां विधायकों की संख्या इस बात का प्रमाण है। जनता और आधी आबादी ने जिस भाव के साथ हमें समर्थन दिया है, मैं उसका अभिनन्दन करता हूं। हम पूरी प्रतिबद्धता से कह रहे हैं कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कोई सरेआम अपराध करे, सरकार इसे स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में हमने महिला अपराधों को रोकने के लिए 'एंटी रोमियों स्क्वाड' का गठन किया था। एंटी रोमियों के गठन के साथ ही 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना भी की गई है। बीते पांच वर्षों में लूट, हत्या, महिला संबंधी अपराध, डकैती सहित विभिन्न प्रकार के अपराधों में भारी गिरावट आई है। आंकड़े इसके गवाह हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल प्रतिपक्ष के मित्रों ने यदि राज्यपाल का अभिभाषण सुना होता तो काफी चीजें साफ हो गई होतीं। बाकी जो कुछ बचेंगी उसे हम अपने जवाब में बता देंगे। पूर्व में चुनाव के समय और बाद में कई आपराधिक घटनाएं घटित होती थीं। इस बार भी चुनाव सम्पन्न होने के बाद कुछ लोगों ने हरकत की थी। लेकिन उन हरकतों को हमने कुछ ही घंटों में कंट्रोल भी कर लिया था। बहुत सारे लोगों ने गर्मी दिखाने का प्रयास किया था, उनकी गर्मी भी शांत हो रही है। योगी बोले– 2012–17 के बीच 700 से ज्यादा बड़े दंगे हुए थे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के अंदर नजीर बनी हुई है। बीते पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। जबकि 2012–17 के बीच 700 से ज्यादा बड़े दंगे हुए थे। महीनों–महीनों तक मुजफ्फरनगर, लखनऊ, बरेली ,.. ...''कोई ऐसा जिला नहीं था, जहां दंगा न हुआ हो। 2017–22 तक प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। कहीं कोई कर्फ्यू नहीं। नई सरकार के गठन के बाद राम नवमी पर सात राज्यों में दंगे हुए, यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ। हनुमंत जयंती पर कोई दंगा नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमें शिकायत मिलती थी, कि कोई बुजुर्ग है, कोई नवजात शिशु है, कोई बीमार व्यक्ति है, उसकी सहूलियत के लिए धर्मस्थलों पर से अनावश्यक माइक उतरने चाहिए। शोरगुल बंद होना चाहिए। हम ने लोगों से अपील की और अब तक 01 लाख से अधिक माइक या तो उतर चुके हैं या उनकी आवाज कम हो गई है। उत्तर प्रदेश में यह सब पहले भी हो सकता था, पर पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति नहीं थी। हर चीज को वोटबैंक के नजरिये से देखने की जो प्रवृत्ति है, उसने नहीं करने दिया। शायद इतिहास में पहली बार उत्तर प्रदेश में अलविदा की नमाज सड़कों पर नहीं हुई। ईद के अवसर पर सड़कों पर कोई अराजकता नहीं हुई। शान्तिपूर्ण तरीके से पर्व और त्योहार मनाये गए। 02 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति अपराधियों व माफियाओं से जब्त की गई है। यह पहली बार हो रहा है। सबको सुरक्षा देना हमारा दायित्व है, सुविधा देना सरकार का कार्य है। पर्व और त्योहार शान्तिपूर्ण ढंग से मनवाने में हम सहयोग करेंगे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मैं अभिनन्दन करूंगा धर्मगुरुओं का जिन्होंने शांति और सौहार्द के इस अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। और उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था आज एक नजीर माना जा रहा है। सवाल वही लोग उठा रहे हैं जिन्हें जनता ने किसी लायक नहीं छोड़ा है मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा का मुद्दा हो, 25 करोड़ लोगों की सुरक्षा का मामला हो या कानून–व्यवस्था का मसला हो, यह सब सरकार की प्राथमिकता का बिंदु है। सरकार जीरो टॉलरेंस के साथ इन सब विषयों पर कार्य करेगी। बहुत से लोग कानून व्यवस्था पर उंगली नहीं उठा पा रहे हैं, ऐसे में, वे लोग कुछ न कुछ षड्यंत्र तो करेंगे ही। क्योंकि पब्लिक ने उन्हें किसी और लायक छोड़ा ही नहीं। सिद्धार्थ नगर में विगत दिनों एक घटना हुई। इसमें पुलिस पार्टी के जाने के बाद वहां जितेंद्र यादव नाम के व्यक्ति ने गोली चलाई थी, मुस्लिम निर्दोष महिला को गोली मारी थी। अवैध असलहे से गोली चलाई गई। अपराधी पकड़ा गया है। कार्रवाई हो रही है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के लिए प्रशासन को पूरी छूट दी गई है। आज अपराधी कोई घटना छुपा नहीं सकता है। 2017 में जब पहली बार हमारी सरकार का गठन हुआ था, उस समय आजमगढ़ में जहरीली शराब से कई मौतें हुई थीं। हम लोग जब इसकी तह में गए तो पता चला कि इसमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों का हाथ था। क्या यह सच नहीं है? हमारे पास इसके पूरे तथ्य हैं प्रमाण हैं, नाम लूंगा तो बुरा लगेगा।

## योगी सरकार के निर्देश पर गांव में लगी पुलिस की चौपाल : महिलाओं को किया जागरूक

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना)मिशन शक्ति के तहत गांवों में खाकी की चौपाल लग रही है। बुधवार को पुलिस व एंटी रोमियो टीम ने करीमनगर गांव जूनियर व प्राथमिक विद्यालय जाकर महिलाओं को एक मंच पर एकत्र कर जागरूक किया। महिला अपराध और उनके लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत हमारी सुरक्षा की बुकलेट भी बांटी। एसएसआई रमेश सिंह ने मौजूद लोगों को साइबर क्राइम संबंधी जानकारी दी। पुलिस ने चौपाल में आए पुरुष और महिलाओं से सीधे संवाद किया। सभी को स्मार्ट पुलिसिग, मिशन शक्ति प्रति जागरूक किया। बताया कि हर गांव में पंचायत घर या प्राथमिक स्कूल में मिशन शक्ति का एक कक्ष बनाया जा रहा है। गांव की महिला और छात्रा कोई भी समस्या के लिए तैनात महिला पुलिस कर्मी प्रियंका चौहान व चंचल को दे सकती हैं।चौपाल में महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति का प्रचार–प्रसार किया। महिलाओं से संवाद कर हेल्पलाइन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी। कोतवाल डी के सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि



किसी तरह की समस्या पर तत्काल इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। चौपाल में बताया कि गांव में मिशन शक्ति के साथ महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जा रही है। कोई समस्या आने पर महिला पुलिसकर्मी से समस्या बता सकते हैं। इस दौरान महिलाओं से उनकी समस्या के बारे में पूछा गया। कोतवाल डीके सिंह ने मौजूद पुरुषों से कहा कि नारी शक्ति का सम्मान करें । कहीं भी यदि किसी महिला के साथ हिंसा व असम्मान हो रहा है तो उसकी सहायता करें। इस दौरान एसएसआई रमेश सिंह, आदर्श सोलंकी, शेखर चौधरी, रामकुमार ,प्रेम नारायण ,दीपक यादव ,राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। एसएसआई रमेश सिंह ने साइबर ठगों से बचने के ग्रामीणों को उपाय बताएं।

## पातालपुरी हनुमान मंदिर में सूबे के सबसे ऊँचे धर्मध्वज का अनावरण सात जून को

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी में गोमती के किनारे पक्का पुल के पास स्थित पातालपुरी हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित सूबे के सबसे ऊँचे धर्मध्वज का अनावरण सात जून को कराये जाने का संकल्प किया गया है. सनातन धर्म की प्रबल संवाहक इस ऐतिहासिक धर्मध्वज का लोकार्पण ज्येष्ठ के चौथे मंगल (सात जून) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे या फिर 108 साधु – संत. इस बहुप्रतीक्षित धार्मिक समारोह में दर्जनों मंत्री – विधायक, नौकरशाह समेत हजारों भक्तजन भी शामिल होंगे. अरिमर्दन पातालपुरी हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विवेक तांगड़ी ने बताया कि बीते 11 मई को मंदिर में राम दरबार व शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सूबे में सबसे ऊँचे 108 फिट का धर्मध्वज स्थापित कराया गया था. डेढ़ महीने में कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से अनावरण का समय माँगा जा चुका है लेकिन राजनीति में व्यस्तता की वजह से सीएम का समय नहीं मिल सका. उन्होंने बताया कि अब प्रबंध समिति ने तय किया है कि यदि मुख्यमंत्री ने धर्मध्वज के अनावरण के लिए सात जून का समय नहीं दिया तो 108 साधु – संतों से धर्मध्वज का लोकार्पण करा दिया जाएगा.श्री तांगड़ी ने बताया कि मंदिर समिति ने सवा महीने पहले बाबा जी की पाती की शुरुआत की है जिसमें भक्त मंदिर में लगे बॉक्स में अपनी परेशानी लिखकर डालता है. सारी पाती मंगलवार की दोपहर में वह खुद हनुमान जी को सुनाते हैं. उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में गौशाला शुरू हो गयी है. कई महीने से तीन सौ जरूरतमंदों को रोज मंदिर समिति की ओर से दोपहर में अन्नपूर्णा योजना की तहत भरपेट भोजन कराया जाता है.श्री तांगड़ी ने बताया कि ज्येष्ठ के बड़े मंगल को मंदिर परिसर आयोजित भंडारे में करीब चार – पांच हजार भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं. सारी व्यवस्था श्रीहनुमान जी महाराज के आशीर्वाद से श्रद्धालुजनों द्वारा की जाती हैं.ज्येष्ठ के दूसरे मंगल के भंडारे पूर्वमंत्री जयवीर सिंह, रिद्धि गौड़, जगदीश श्रीवास्तव,हनुमत् कृपा पत्रिका के संपादक नरेश दीक्षित,



आपकी खबर न्यूज पोर्टल के चेयरमैन राजीव, सौरभ शुक्ल, पंकज टंडन आदि भक्तजन शामिल रहे।

## स्थानांतरण पर उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे को दी गई विदाई

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : पाली थाने में तैनात उपनिरीक्षक रूपापुर चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार दुबे का थाना संडीला की कताई मिल पुलिस चौकी इंचार्ज के पद पर स्थानांतरित किये जाने पर बुधवार को उनको पाली थाने पर साथी पुलिस कर्मियों द्वारा फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान सहित विदाई दी गई। पाली थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात प्रमोद कुमार दुबे का विदाई समारोह बुधवार को थाना परिसर में सम्पन्न हुआ। विदाई समारोह में उपस्थित थाने के समस्त पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे को सम्मान सहित विदाई दी।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे को संडीला कताई मिल चौकी इंचार्ज बनाये जाने पर खुशी का इजहार करते हुए उन्हें पुष्प माला पहनाकर मुँह मीठा कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और उनके चंद महीनों के कार्यकाल को काफी सराहा। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पाली थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात प्रमोद कुमार दुबे का स्थानांतरण बीते दिनों संडीला कताई मिल पुलिस चौकी इंचार्ज के पद पर कर दिया था जिसके बाद बुधवार दोपहर को उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे का विदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमोद कुमार दुबे ने कहा कि स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है जिससे सभी को गुजरना पड़ता



है उन्होंने कहा कि लगभग सात–आठ महीने के कार्यकाल में थाना पाली क्षेत्र के लोगों से उन्हें जो प्यार व सम्मान मिला उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।क्षेत्र के लोगों के मुताबिक उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार दुबे व्यवहार कुशल,मृदुभाषी, कार्य के प्रति सजग व समर्पण भाव रखने वाले एक अच्छे पुलिस कर्मियों में जाने जाते हैं। विदाई समारोह के अवसर पर उपनिरीक्षक रामबचन भारती, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार, विकास कुमार, अमित ,अजयपाल, विक्की शोभित, राजेश निषाद,अवनेश,महिला कांस्टेबल विनीता, सुदेशना सहित समस्त पुलिस कर्मियों ने पुष्प माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें विदा किया।

## आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु रोजगार मेला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर(निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर ब्यू के सामने) जौनपुर में हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 27 मई 2022 को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, जिसमें विभिन्न कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जो साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते। जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### सनी काकरान के एक साथी को पुलिस ने एनकाउंटर में दिल्ली से किया गिरफ्तार

मेरठ ब्यूरो : एसटीएफ मेरठ यूपी पुलिस और स्पेशल सेल की टीम ने आज सुबह मुठभेड़ के बाद आरोपी सनी काकरान के साथी संदीप उर्फ बस्सी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक–एक लाख के इनामी बदमाश सनी काकरान, अतुल और नसरूद्दीन को हरियाणा में सोनीपत पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। मेरठ के पाबली खुर्द गांव में कानून के छात्र की हत्या के मामले में एसटीएफ मेरठ यूपी पुलिस और स्पेशल सेल की टीम ने आज सुबह मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी कुख्यात गैंगस्टर सनी काकरान के साथी गैंगस्टर संदीप उर्फ बसी (22) पुत्र विनय यादव निवासी हाउस नंबर अंडर–65 विजय नगर नरेला दिल्ली है। उसे सुबह करीब 5 बजे पॉकेट बीध4 पॉकेट 13 शनि बाजार झिंग नरेला औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के पास से पकड़ा गया है।बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि नरेला औद्योगिक क्षेत्र के पास सुबह 4.30 बजे से 5.30 बजे के बीच संदीप उर्फ बस्सी बाइक से पहुंच रहा है। इसी बीच यूपी पुलिस की स्पेशल सेल और एसटीएफ मेरठ की टीम गठित कर नरेला में उक्त चौक के पास जाल बिछाया। सुबह 5 बजे संदीप उर्फ बसी नरेला से बाइक से एनएच–1 की तरफ जा रहा था। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन रुकने के बजाय, उसने बाइक गिरा दी और पुलिस टीम के सदस्यों पर तीन राउंड फायरिंग की।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## कथक नृत्य व चित्र कला प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कला एवं साहित्य के क्षेत्र की अग्रणी संस्था संरकार भारती जौनपुर द्वारा ग्रीष्मावकाश में चित्रकला एवं कथक नृत्य की 20 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बी. आर. पी. इंटर कालेज जौनपुर में प्रातः 7.30 बजे मुख्य अतिथि सुबास चन्द्र सिंह (प्रधानाचार्य) , कार्यक्रम अध्यक्ष –श्री रवीन्द्र नाथ (संरक्षक) ,विशिष्ट आतिथि श्री सुजीत कुमार प्रान्त महामंत्री, संस्था अध्यक्ष डॉ ज्योति दास ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यशाला के उद्घाटन तत्पश्चात संस्था का ध्येय गीत डॉ ज्योति दास, ज्योति श्रीवास्तव व विष्णु जी ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्कार भारती जौनपुर एवं राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला आयोजित हो रही है जिसमें क्रमशः 10 वर्ष से 17 वर्ष तक तथा 18 से 25 वर्ष तक के बालक / बालिका प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रशिक्षण उपरांत बालिका बालिकाओं की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी । इसी क्रम में संस्कार भारती जौनपुर एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावध में व बी. आर. पी. इंटर कॉलेज के सौजन्य से २० दिवसीय कथक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें 10 वर्ष से ऊपर के बालका बालिका प्रतिभाग कर सकते है। प्रशिक्षणोपरान्त मंचीय प्रदर्शन भी किया जायेगा कथक प्रशिक्षिका श्रीमती रोमा अधिकारी व सुश्री प्रिया श्रीवास्तव है जो कि विलासपुर, मध्य प्रदेश से आयी है। नयी पीढ़ी को कला व संगीत के प्रति रुझान उत्पन्न करना एवं उन्हें जागरूक करना संस्था का उद्देश्य है, चित्रकला प्रशिक्षक श्री रविकांत जायसवाल कला विद में बच्चों को चित्रकला के विभिन्न आयामों के बार में जानकारी दी। चित्रकला कार्यशाला की संयोजिका श्रीमती मधुलिका अस्थाना व कथक नृत्य कार्यशाला की संयोजिका श्रीमती ज्याति श्रीवास्तव है कार्यशाला उद्ध्घाटन समारोह में विशेष रूप सेऋषि श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राजकमल, राजेश किशोर, मयंक श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, अतुल जायसवाल, लोकेश जी आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन विष्णु गौड़ ने किया। कार्यक्रम को समापन सामूहिक वन्देमातरम गीत से हुआ । संस्थाध्यक्ष डा०ज्योति दास ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## आधार प्रमाणीकरण किये जाने की प्रक्रिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु सर्वप्रथम गुगल पर sspy&up.gov.in पर जाये, यादि लाभार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर नही पता है जो निराश्रित महिला पेंशन सेलेक्ट करके पेंशन सूची में जाये। अपना जनपद सेलेक्ट करें विकासखण्ड सेलेक्ट करें, ग्राम पंचायत सेलेक्ट करें। मजरा सेलेक्ट करें। पूरी पेंशन सूची होगी जिससे अपना रजिस्ट्रेशन संख्या नोट कर लें, अब पुनः इन्ट्रीग्रटेड पेंशन पोर्टल पर जाये तथा लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैक्स हो रही है, पेंशन का प्रकार सेलेक्ट करें। विडों पेंशन चयन करें। रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें। मोबाईल नं0 दर्ज करें। कैप्चा लिखे फिर सबमिट करे, आपके मोबाईल पर ओ0टी0पी आयेगा। ओ0टी0पी0 को दर्ज करें, तथा सबमिट करें, इस प्रकार से आपका मोबाईल नं0 आनलाईन रजिस्टर्ड हो गया। अब आपको दूसरे चरण में आधार प्रमाणीकरण करना होगा, आधार प्रमाणीकरण द्वितीय चरण में होता है अब होम पेज पर जायें पेशन लॉगिन पर रजिस्ट्रेशन नं0 यूजर आ0डी0 की तरह दर्ज होगा, तथा आपका मोबाईल न0 पासवर्ड होगा, रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें, पासवर्ड के स्थान पर मोबाईल नं0 दर्ज करें, कैप्चा लिखे एवं उसके बाद सबमिट करें, आपके मोबाईल पर दुबारा ओ0टी0पी0 आयेगां। ओ0टी0पी0 दर्ज करें। तत्पश्चात सबमिट करें, यादि आपका नाम पेंशनर सूची में आधार के सामान है तो आपका रजिस्ट्रेशन के साथ–साथ आधार प्रमाणीकरण हो जायेगा, यदि पेशनर सूची में आधार से अलग होगा। यथा नाम मे उपनाम न लिखा होना या नाम के बीच स्पेस होना या अन्य त्रुटि के कारण आपका डाटा जिला प्रोबेशन अधिकारी पोर्टल पर फारवर्ड हो जायेगा, तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उसे वेरीफाई करने पर 24 घण्टे के बाद पुनः आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अपनायें, पेंशन सूची में नाम व आधार के नाम में अन्तर होने पर किसी भी दशा में दोबारा प्रयास न करें अन्यथा आपका डाटा लॉक हो जायेगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

श्रद्धा ज्ञान देती है, नम्रता मान देती हैं, योग्यता स्थान देती है

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# क्वाड के एजेंडा में हिंद–प्रशांत : क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास

सदस्य देशों ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पांच साल में पचास अरब डॉलर आवंटित करने का संकल्प लिया। साझा घोषणापत्र में भी इस क्षेत्र में ताकत के बल पर यथास्थिति बदलने के खिलाफ विचार व्यक्त किए गए और दक्षिण एवं पूर्व चीन सागर के सैन्यीकरण के खिलाफ चेतावनी जारी की गई।

हिंद महासागर में आई सुनामी के बाद तटीय देशों की मदद करने के उद्देश्य से वर्ष 2004 में क्वाड की शुरुआत हुई थी। वर्ष 2007 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने क्वाड को एक औपचारिक आकार देने की कोशिश की थी। लेकिन वह अपने लक्ष्य में सफल नहीं हुए,क्योंकि क्वाड का एक सदस्य ऑस्ट्रेलिया सशंकित था कि अगर क्वाड आक्रामक ढंग से चीन के खिलाफ मोर्चाबंदी शुरू करता है, तो चीन के साथ उसकी अपनी साझेदारी पर इसका असर पड़ेगा।

वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलिया चीन के मामले में अपने इस असमंजस से बाहर निकल तो आया, लेकिन इसके सदस्य देश तब अपने उद्देश्य में इसलिए सफल नहीं हो पाए, क्योंकि उसके बाद कोरोना महामारी ने दुनिया को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। फिर यूक्रेन संकट ने भी क्वाड के सदस्यों को हिंद–प्रशांत पर अपना ध्यान केंद्रित करने से रोके रखा। अलबत्ता जापान की राजधानी टोक्यो में हो रहे शिखर बैठक ने यह धारणा ध्वस्त कर दी कि क्वाड अपनी प्रासंगिकता खो रहा है।

टोक्यो शिखर बैठक इस तरह की दूसरी ही बैठक है, जिसमें क्वाड के नेता मौजूद हुए। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने क्वाड शिखर बैठक में पहली बार भाग लिया। शिखर बैठक से एक दिन पहले क्वाड के नेताओं ने हिंद–प्रशांत आर्थिक समूह (आईपीईएफ) की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य टिकाऊ विकास हासिल करने के लिए हिंद–प्रशांत क्षेत्र को मुक्त, समावेशी, एक दूसरे से जुड़े और सुरक्षित रखना है।

यह अपनी विस्तारवादी नीतियों को बेहद आक्रामक ढंग से आगे बढ़ा रहे उस चीन को एक ठोस संदेश है, जिस पर अनैतिक व्यापार नीतियां लागू करने और आर्थिक बल प्रयोग करने का आरोप है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईपीईएफ की शुरुआत को इस क्षेत्र को एक पावर हाउस बनाने की सामूहिक इच्छा के प्रतिबिंब के रूप में देखते हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का काम करेगा।

हालांकि चीनी विदेशमंत्री वांग यी ने हाल ही में लॉन्च किए गए आईपीईएफ पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन क्षेत्रीय सहयोग के खिलाफ नहीं था, पर नए समूह में उसने विभाजन और टकराव पैदा करने का प्रयास देखा। क्वाड ने अब हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने की जांच में भी भूमिका निभाने का फैसला किया है। इस क्षेत्र में 95 प्रतिशत अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों के लिए चीन जिम्मेदार है।

वैश्विक मछली भंडार की अनियंत्रित लूट लाखों लोगों की आजीविका और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। यह पहल भारत, सिंगापुर और प्रशांत क्षेत्र में मौजूदा निगरानी केंद्रों को जोड़ने के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगी। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड के रचनात्मक एजेंडे की ओर इशारा किया। उन्होंने टीका वितरण, जलवायु कार्रवाई, आपूर्ति शृंखला में लचीलापन, आपदा प्रतिक्रिया, आर्थिक सहयोग और कोविड–19 महामारी से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों में समन्वय में वृद्धि पर प्रकाश डाला।

उनका कहना था कि क्वाड देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता में योगदान दे रहा है। क्वाड फेलोशिप भी लॉन्च की गई। यह अपनी तरह का पहला स्कॉलरशिप कार्यक्रम है, जिसे सदस्य देशों के वैज्ञानिकों और तकनीकविदों की अगली पीढ़ी के बीच संबंध बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह फेलोशिप प्रति वर्ष हरेक क्वाड देश के 25 छात्रों को अमेरिका के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विश्वविद्यालयों में परास्नातक और डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने का मौका देगी।

अमेरिका ने यह भी एलान किया कि वह चीन को ताइवान पर जबरदस्ती कब्जा नहीं करने देगा, और अगर ऐसा कुछ होता है, तो वह सैन्य तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा। हालांकि, राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका अपनी 'वन चाइना पॉलिसी' नहीं छोड़ रहा है और केवल ताइवान पर जबरन कब्जा करने के खिलाफ है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जितना यूक्रेन के लिए किया है, उससे कहीं अधिक वह ताइवान के लिए करेंगे।

यूक्रेन के मामले में अमेरिका ने खुद को केवल हथियारों और खुफिया जानकारी की आपूर्ति तक सीमित रखा। बाइडन के इस बयान से चीन के साथ तनाव बढ़ने की आशंका है और ऐसा कहकर उन्होंने अपने प्रशासन को भी हैरान कर दिया है। अमेरिका पहले भी चीन को बल प्रयोग के खिलाफ चेतावनी दे चुका है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया था कि अगर ऐसा होता है, तो वह किस हद तक जाएगा। बाद में व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि ताइवान के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

शायद अमेरिका चीन को संकेत दे रहा था कि उसके लिए खुद को सिर्फ हथियारों की आपूर्ति तक सीमित रखना मुश्किल होगा, क्योंकि ताइवान पर जबरन कब्जा जापानियों को युद्ध शुरू करने के लिए उकसाएगा। ऐसे में अमेरिका भी सैन्य कार्रवाई शामिल हो जाएगा। सम्मेलन के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने पर बात की। किशिदा ने यूक्रेन पर रूसी हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया।

सदस्य देशों ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पांच साल में पचास अरब डॉलर आवंटित करने का संकल्प लिया। साझा घोषणापत्र में भी इस क्षेत्र में ताकत के बल पर यथास्थिति बदलने के खिलाफ विचार व्यक्त किए गए और दक्षिण एवं पूर्व चीन सागर के सैन्यीकरण के खिलाफ चेतावनी जारी की गई। दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति तथा जापान व ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। बाइडन और किशिदा ने जहां कोविड से निपटने में भारत के रुख की सराहना की, वहीं ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भारत से अपने रिश्ते को महत्वपूर्ण बताया।

यूक्रेन में संकट के बाद ऐसा प्रतीत हुआ कि हिंद–प्रशांत ठंडे बस्ते में चला गया है, लेकिन टोक्यो क्वाड शिखर सम्मेलन ने इस बात पर जोर डाला है कि दुनिया की प्रमुख लोकतांत्रिक शक्तियां इस क्षेत्र की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। इस शिखर सम्मेलन में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि क्वाड के अन्य सदस्य यूक्रेन पर भारतीय रुख की प्रशंसा करते हैं, जिसने शत्रुता को समाप्त करने और बातचीत व कूटनीति पर लौटने की मांग की। इन सभी तथ्यों से यह साफ है कि इस शिखर सम्मेलन के बाद क्वाड और अधिक जीवंत होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दोबारा अतिक्रमण करने वालो पर कानूनी कार्रवाई होगी : एसडीएम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शासन के निर्देश के अनुरूप एसडीएम की अगुवाई में पुलिस और नगरपालिका की टीम के साथ अतिक्रमण अभियान जारी है। शाहाबाद एसडीएम सौरभ दुबे आम जनता की सहूलियत के लिये लगातार निष्पक्षता के साथ बिना किसी भेदभाव अतिक्रमण अभियान को गति दे रहे है और उन्होंने हटाये गए अतिक्रमण के बाद दोबारा अतिक्रमण करने वालो पर कानूनी कार्यवाही करने की सख्त चेतावनी भी दी। एसडीएम सौरभ दुबे ने अतिक्रमण अभियान में व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से लोगों को समस्या होती है।शासन स्तर से इसको लेकर अभियान चलाने के आदेश दिए गए है।एसडीएम ने कहा कि व्यापारी वर्ग नुकसान से बचने के लिए खुद ही अतिक्रमण को हटा लें,अन्यथा पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण को हटाया जाएगा।एसडीएम ने कहा कि दुकान, प्रतिष्ठानों के सामने शेड नहीं डालें और न ही दुकान,प्रतिष्ठानों के बाहर सामग्री रखें।एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया जाता है,तो उसके खिलाफ कानूनी कार्वाही की जाएगी।।मंगलबार को एसडीएम ने सिनेमा चौराहे से बासितनगर चौराहे तक नाले की साफसफाई निरीक्षण किया और पालिका अधिकारियों को बरसात के पहले इसको समुचित सफाई के निर्देश भी दिए।उधार नगरपालिका ने अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस भी जारी कर दिए हैं कि या तो वें अतिक्रमण स्वयं हटा लें,अन्यथा प्रशासन की ओर से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।प्रशासन के सख्त रवैये को देखते हुए पिछले दिनों से दुकानदार खुद अतिक्रमण ध्वस्त करते हुए भी नजर आ



रहे है।वही एसडीएम की उचित कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है। एसडीएम से मिले व्यापारी,लगाई राहत की गुहार मंगलबार की दोपहर में व्यापारी वर्ग एक बड़ी संख्या में अपनी गुहार लेकर एसडीएम सौरभ दुबे के तहसील कार्यालय मे पहुँचे।व्यापारियों ने अतिक्रमण को लेकर अपने पक्ष को एसडीएम के समक्ष रखा।एसडीएम सौरभ दुबे ने सभी की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ही अतिक्रमण की कार्रवाही की जाएगी किसी को नाजायज नही परेशान किया जाएगा।शासन और प्रशासन की ओर से जनता और व्यापारियों की सहूलियत के लिये ही यह अभियान चलाया जा रहा है।आप सभी इसमें सहयोग करे ताकि शासन की मंशा को पूर्ण किया जा सके। अतिक्रमण हटने से लोगो को मिली सहूलियत इन दिनों चलने वाले अतिक्रमण अभियान से आम जनता को भारी सहूलियत मिली है।जहां बाजार में दुकाने बढ़ाकर बाहर लगने वाली सामग्री से रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न होती थी वही प्रशासन की ओर से चले अभियान में एसडीएम की सख्ती ने इस जाम की समस्या को काफी हद तक कंट्रोल किया है।अब यातायात आवागमन नही प्रभावित होता है।और एसडीएम की सख्ती का असर देखने को मिल रहा है दुकानदारों ने अपनी दुकानें अपनी हद में लगाना शुरू कर दी है।जिससे बाजार में जाम की समस्या पर कंट्रोल हुआ है और आम जनता और राहगीरों को बड़ी सहूलियत मिलती प्रतीत हो रही है।

## जेठ के दूसरे बड़े मंगल पर सिंह टेंट हाउस द्वारा सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन

लखनऊ मृत्युन्जय प्रताप सिंह : राजाजीपुरम क्षेत्र जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग पारा रोड पर सिंह टेंट हाउस द्वारा जेठ के दूसरे बड़े मंगल के पावन अवसर पर अखंड सुंदरकांड और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सिंह टेंट हाउस के परिवार ने विधि विधान से पूजा पाठ करने के उपरांत समस्त क्षेत्रवासियों को श्रद्धालुओं को विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण करने के उपरांत अपना आशीर्वाद दिया सुख शांति की दुआएं दी और बताया ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और संदर्भ बढ़ता है वहां पर उपस्थित लोगों मे कुछ बुद्धिजीवी लोग भी उपस्थित थे उन्होंने शांति और स्मृति की प्रार्थना की सभी समाज के लोगों के कल्याण के लिए कामना की। अखंड सुंदरकाण्ड एवम विशाल भंडारे का आयोजन अंकित श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा,





कमलजीत ,सोहल ,मृत्युन्जय प्रताप सिंह, सिंह टेंट हाउस परिवार बंधु एवम समस्त मित्र के सहयोग से। क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवी लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## 2 बेटियों की शादी में सहयोग कर दिया पिता के कन्यादान में सहारा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नीशू वेलफेयर फाउंडेशन एवं माँ गायत्री जन सेवा संस्थान हमेशा ही समाज में गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन,राशन,कन्या विवाह और रोजगार का सामान मुहैया कराता रहा है। इसी क्रम में आज रायबरेली रोड तेलीलीबाग स्थित एक आर्थिक रूप से कमजोर पिता असलम बदला हुआ नाम की 2 बेटियों (मुस्कान और रुक्सत बदला हुआ नाम) की शादी एक ही मंडप में होनी है जब इसका पता माँ गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा को पता चला तो उन्होंने तत्काल जनसेवियो की मदद से बेटी की शादी में एक पिता के कंधे पर हाँथ रखते हुए सहयोग किया। जिसमें सूट, साड़ी,पर्स,पंखा,प्रेस,कुकर,मिक्सर मशीन,डिनर सेट,कप सेट,पुडिंग सेट,बाउल सेट,स्टील की टंकी,स्टील के बर्तन, बाल्टी,टब,फ्राई पैन,प्रतिदिन प्रयोग में स्टील के बर्तन, प्लास्टिक के डिब्बे,किचन की सामग्री आदि की मदद कर बेटी की शादी में सहयोग किया। गुंजन वर्मा का कहना है वह लोगों की मदद के साथ–साथ स्वरोजगार भी प्रदान कर रही है ताकि लोग अपना जीवन सुचारु रुप से चलाएं । इस श्रेणी में दोनो संस्थाओं ने कई महिलाओं को सिलाई मशीन और रोजगार प्रदान किए हैं जिससे उनसे उनका जीवन सरल बन सके। माँ गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह भाजपा महानगर एनजीओ प्रकोष्ठ में संयोजक पद पर कार्यरत हैं और आए दिन लखनऊ में जरूरतमंदों



की मदद करते रहते हैं अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह सदैव उसकी सहायता हेतु तत्पर है प्रशाशनिक मदद के साथ वो महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा पर भी कार्य करते हैं। इस पुण्य कार्य मे मुख्य सहयोग माँ गायत्री जनसेवा संस्थान के मुख्य सदस्य मोहम्मद इमरान खान का रहा और विशेष सहयोग,क्षत्रिय क्षत्राणी सेवा समिति से समाजसेवी मनोज सिंह चौहान,आलिंगन फाउंडेशन से समाजसेविका रेखा सिंह,अजय वस्त्रालय विशाल जायसवाल दीपू,सीमा राय आदि का प्राप्त हुआ। इस तरह से आगे और भी जरूरतमंद परिवार तक सेवाएं जारी रहेगी। संस्था का मुख्य उद्देश्य है अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना, इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व दिव्यांग प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र के संयोजक भाजपा मुकेश मिश्रा,रुद्र प्रताप बाजपेयी, मनोज सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय मे छात्र कल्याण छात्रवृत्ति हेतु 50 छात्रों का हुआ चयन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ विश्वविद्यालय मे छात्र कल्याण छात्रवृत्ति हेतु 50 छात्र छात्राओं का चयन किया गया है। इसके लिए कुलपति द्वारा गठित समिति ने छात्र कल्याण कार्यालय मे जमा किए गए 245 आवेदन पत्रों की जांच के पश्चात् योग्यता के आधार पर छात्र छात्राओं का चयन किया है। छात्र कल्याण छात्रवृत्ति हेतु छात्रों की इस चयन प्रक्रिया मे इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि सभी संकायोंधविभागों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि एनईपी 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय ने पिछले दो वर्षों मे छात्र कल्याण हेतु छात्रवृत्ति एवं उनके समावेशी विकास हेतु अनेक कदम उठाये हैं, 'छात्र कल्याण छात्रवृत्ति' उनके से एक है। इसके तहत उन जरूरतमंद छात्रों को एक सत्र में 15000 रू की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिन की वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख से कम हो तथा किसी अन्य स्रोत से कोई छात्रवृत्ति न मिल रही हो । अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर आलोक



कुमार राय द्वारा शुरू करी गई छात्र हित की इन योजनाओं को सभी छात्र छात्राओं ने बेहद सराहा है । उन्होने यह भी बताया कि सभी चयनित छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते मे भेजी जा रही है । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे कुलसचिव, कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, आई0पी0पी0आर निदेशक, डा दुर्गेश श्रीवास्तव, अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा अलका मिश्रा, प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ल, प्रो संगीता साहू, डा ज्योत्सना सिंह, भी उपस्थित रहे और उन्होने छात्रों को उनके शैक्षणिक विकास और स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी । कार्यक्रम मे आए सभी छात्र– छात्राओं ने कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि कुलपति द्वारा छात्र हित में उठाये गये कदम न केवल उनकी शिक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि जीवन मे सकारात्मकता का ऊर्जा स्रोत भी हैं।

## आउटसोर्सिंग एवं संविदा कर्मचारियों की सेवानियमावली प्रख्यापन में शिथिलता बरतने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सरकार के प्रति व्यक्त की नाराजगी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐसे कर्मचारियों को विनियमित करने तथा न्यूनतम वेतन ,भत्ते देने व मृतक आश्रित नियमावली की सुविधाएं दिये जाने का प्रस्ताव परिषद द्वारा माह फरवरी 2019 में ही शासन को प्रेषित किया जा चुका है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांग पर तत्कालीन मुख्य सचिव डॉ अनूप चंद्र पांडे की अध्यक्षता में दिनांक 09 अक्टूबर 2018 को हुई बैठक में सहमति व्यक्त करते हुए अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक को निर्देश दिया था कि विभागों में भारी संख्या में एजेंसी के माध्यम से रखे गए कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, विनियमितीकरण, न्यूनतम वेतन व भत्ते देने हेतु सेवा नियमावली '03 माह' में तैयार कर मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत कर प्रख्यापित कर लिया जाए क्योंकि ऐसे कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिलता तथा एजेंसी जब चाहती है उन्हें हटा देती है। उनका भविष्य अंधकार में है। परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा ने अनुरोध किया था कि ऐसे नियुक्ति कर्मियों को सेवा सुरक्षा ,न्यूनतम वेतन ,भत्ते, बोनस ,बीमा, पेंशन, मृतक आश्रित नियमावली का लाभ आदि सभी सुविधाएं अनुमन्य की जाए तथा विभागों में उनकी वरिष्ठता सूची बनाई जाए। अतुल मिश्रा ने बताया है कि परिषद के अथक प्रयासों से कार्मिक विभाग द्वारा मसौदा तैयार किया गया जिसकी एक प्रति दिनांक 13 फरवरी 2019 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव कार्मिक मुकुल सिंघल द्वारा परिषद को उपलब्ध कराई गई और परिषद का मत चाहा। जिसपर परिषद द्वारा समयक परीक्षणोपरांत दिनांक 22 फरवरी 2019 को कुछ सुविधाओं को जोड़ने का प्रस्ताव देते हुए पत्र प्रेषित कर दिया गया। उपरोक्त सुविधाएं देने का प्रावधान नियमावली में प्रस्तावित किया जाना है। 1. आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु सेवायोजन कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। 2. सेवा प्रदाता को भी रजिस्ट्रेशन कराना होगा। 3. ऐसे कर्मचारियों को एजेंसी सेवा से पृथक नहीं कर पाएगी। यदि किसी को अनुशासनात्मक कारणों से सेवा मुक्त करना होगा तो उसके लिए नियुक्ति अधिकारी की अध्यक्षता में समिति दोनों पक्षों को सुनकर निर्णय करेगी। 4. कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन/भत्ते अनुमन्य किए जाएं साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाए। 5. सिलेक्शन कमेटी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन संवर्गों की सेवा नियमावली प्रसख्यापित है उन संवर्गों के लिए आउटसोर्सिंग पर नियुक्ति प्रदान करने में सेवा नियमावली में प्रदत्त अर्हता के अनुसार नियुक्ति की जाए। 6. संतोषजनक कार्य करने पर कार्मिकों का नवीनीकरण सुनिश्चित किया जाए। 7. नियमित नियुक्तियों में आउटसोर्सिंग कार्मिकों है तो स्टाफ नर्स व एएनएम की भांति वरीयता कोटा निर्धारित किया जाए। 8–वर्तमान समय में प्रायःयह देखा जा रहा है कि आउट सोर्स कार्मिकों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक की धनराशि जितनी निश्चित की जाती है वास्तविक रूप से कार्मिकों को भुगतान उससे काफी कम किया जाता है चर्चा करने पर यह स्थिति सामने आती है कि कार्मिक की निर्धारित मजदूरी से ही इपीएफ के दोनों शेयर ईएसआई का शेयर तथा सर्विस प्रोवाइडर का कमीशन काट लिया जाता है उदाहरण स्वरूप यदि सरकार किसी आउट सोर्स कार्मिकों के नाम पर रुपया 15000 प्रतिमा सर्विस प्रोवाइडर को भुगतान करती है तो उस कार्मिक को वास्तविक रूप से 9 या 10000 ही मिलते हैं यह स्थिति उचित नहीं है क्योंकि प्रस्ताव में इसका उल्लेख किया गया है इसे स्पष्ट किया जाए तथा आउट सोर्स कार्मिक को वास्तविक रूप से भुगतान की जाने वाली धनराशि को ही उसके पारिश्रमिक के रूप में दर्शाया जाए। 9. इन कर्मचारियों के नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएंगे तथा उनकी उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज होगी। 10. ऐसे कर्मचारियों को साप्ताहिक तथा आकस्मिक अवकाश मेडिकल लीव छुट्टियां भी मिलेंगी। 11. ऐसे कर्मचारियों के परिवार को सेवाकाल में मृत्यु पर मृतक आश्रित नियमावली के तहत सभी सुविधाएं देने का प्राविधान किया जाए। 12. आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मचारी नियमित रिक्त पदों पर नहीं रखे जाएंगे उन पर नियमित नियुक्तियां की जाएंगी। उपरोक्त पर आश्वस्त किया गया कि आपका प्रस्ताव भी इसमे शामिल कर लिया जायेगा यह नियमावली लेबर एक्ट तथा वेतन आयोग की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए तैयार की जा रही है जिसका अंतिम रूप बहुत जल्द तैयार करके मंत्रीपरिषद के समक्ष अनुमोदन उपरांत प्रस्तुत किया जाएगा अनुमोदन हो जाने पर नियमावली प्रक्षेपित कर दी जाएगी। श्री मिश्रा ने खेद प्रकट किया कि मुख्य सचिव द्वारा तीन महीने का समय इस नियमावली को प्रख्यापित कर शासनादेश करने हेतु निर्धारित किया था पर तीन वर्ष से अधिक व्यतीत हो जाने के उपरांत भी अभी तक निर्णय नहीं हो पाया जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक है । यदि सरकार व शासन कर्मचारियों के हितार्थ उनकी समस्याओं के निस्तारण में गति नही दी जाएगी तो निश्चित रूप से कर्मचारियों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा । श्री मिश्रा ने बताया कि नियमावली न होने की वजह से एजेंसियों द्वारा कई वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों का रिनीवल करने में भारी मात्रा में धन उगाही की जा रही है, उनके वेतन का भुगतान समय से नही हो रहा यहा तक कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ,बल विकास पुष्टाहार ,स्वास्थ्य विभाग सहित आदि विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कई माह से लम्बित है। इनका पी एफ काटा जा रहा पर न जमा हो रहा न रसीद दी जा रही । 10 वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नही हुई और एजेंसी बदल जाने पर वेतन भी डूब गया। आज के परिवेश में नवयुवक कर्मियों के शोषण को रोकने के लिये नियमावली का शीघ्र प्रख्यापन अतिआवश्यक है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत व महामंत्री अतुल मिश्रा ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से मांग की है कि परिषद के साथ संपन्न हुई बैठकों में लिये गये निर्णयों की समीक्षा आवश्यक है कि समयबद्ध निर्णयों में इतना विलम्ब क्यो और इस नियमावली का प्रख्यापन माह जून में अवश्य करा दें जिससे कर्मचारियों के शोषण पर विराम लग सके और उनका भविष्य को अंधकारमय से बचाया जा सके ।

## गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विनीत खंड 2 जनकल्याण समिति द्वारा भंडारे का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जेष्ठ माह बड़े मंगल के अवसर पर गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विनीत खंड 2 जनकल्याण समिति के अध्यक्ष शिव कुमार खत्री द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे में गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने प्रभु को प्रणाम कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इस भंडारे में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष प्रो डॉ बीएन सिंह, सचिव कर्नल ए एन पाण्डेय जी,आलोक मिश्रा, रामदयाल मौर्य,नंदनी मिश्रा,अजय तिवारी, रतन खत्री,धर्मेंद्र सोनी,निर्मला सिंह,सुंदरम



दुबे,लक्ष्मी धामी,मनीष मिश्रा,अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मिलकर भंडारे को सफल बनाया।

## थाना खुटहन खेतासराय सरपतहाँ एवं स्वाट जौनपुर की संयुक्त टीम द्वारा अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् अपर मुख्य सचिव उ0प्र0शासन उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन पाताल लोक के क्रम में श्री अजय कुमार साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र खुटहन अन्तर्गत सेवई नाला के आगे अशरफगढ तिराहे के सामने दाहिनी तरफ नव निर्माणाधीन कमरे में अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाभोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में थाना खुटहन पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। थानाध्यक्ष खुटहन श्री राणा प्रताप यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सेवई नाला के आगे अशरफगढ तिराहे के सामने दाहिनी तरफ नव निर्माणाधीन कमरे में शातिर अपराधियो द्वारा एक असलहा फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना पर थानाध्यक्ष खुटहन ,खेतासराय ,सरपतहा एवं स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुच कर 1. प्रवीण पाण्डेय पुत्र प्रमोद पाण्डेय निवासी ग्राम बाधगाँव थाना सरपतहा जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष 2. निशान्त सिंह पुत्र सत्येन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम परियावा थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष 3. विवेक सिंह पुत्र ठाकुर प्रसाद सिंह ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर उम्र 26 वर्ष 4. शिवम सिंह पुत्र पंचम सिंह ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को 20 अवैध देशी तमंचा व 03 अवैध देशी रिवाल्वर व असलहा बनाने के विभिन्न उपकरण सहित दिनांक 25.05.2022 को समय 4.00 बजे भोर मे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा थाना क्षेत्र सरपतहा में दिनांक 06.05.2022 को हुई लूट की घटना कारित की गयी थी इस लूट से संबंधित 32,000 रुपये भी बरामद हुए है। गिरफ्तारी /बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0–110/22 धारा–3/5/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त गण उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. प्रवीण पाण्डेय पुत्र प्रमोद पाण्डेय निवासी ग्राम बाधगाँव थाना सरपतहा जनपद जौनपुर उम्र 24 वर्ष 2. निशान्त सिंह पुत्र सत्येन्द्र कुमार सिंह ग्राम परियावा थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर उम्र 23 वर्ष 3. विवेक सिंह पुत्र ठाकुर प्रसाद सिंह ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर उम्र 26 वर्ष 4. शिवम सिंह पुत्र पंचम सिंह ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष बरामदगी का विवरण– 1. 20 अवैध देशी तमंचा 2. 03 अवैध देशी रिवाल्वर 3. शस्त्र बनाने के उपकरण– पाँच अदद हथौड़ी,बारह लोहे की पाइप के टुकडे ,दो आरी ब्लेड , एक लोहे का राड नुमा पेचकस ,दो पेचकस,दो पिलास,एक रेती,एक पत्ती,दो छेनी





,स्क्रू बोल्ट 5 अदद .लोहे के लट 9 अदद ,स्प्रिंग 18 अदद ,एक अदद लोहे की इलेक्ट्रिक कटर मशीन ,कटर ब्लेड एक अदद , एक अदद भट्टी पंखा , एक अदद पत्ती बालू कागज 4. थाना सरपतहा क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 06.05.2022 को हुई लूट के 32,000 रुपये 5. 03 मोबाइल फोन आपराधिक इतिहास– प्रवीण पाण्डेय पुत्र प्रमोद पाण्डेय निवासी ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–110/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–283/17 धारा 3(2)5एससी/एसटी एक्ट व147/201/302/34 भादवि थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 3.मु0अ0सं0–103/22 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहा जौनपुर। विवेक सिंह पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–110/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–382/19 धारा 307 भादवि थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 3.मु0अ0सं0–150/20 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 4.मु0अ0सं0–103/22 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहा जौनपुर। शिवम सिंह पुत्र पंचम निवासी ग्राम बाधगाव थाना सरपतहा जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–110/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–382/19 धारा 307 भादवि थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 3.मु0अ0सं0–395/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 4. मु0अ0सं0–103/22 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहा जौनपुर। निशान्त सिंह पुत्र सत्येन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम परियावा थाना लाईन बाजार जनपद। 1.मु0अ0सं0–110/22 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–1533/2016 धारा 379 भादवि थाना लाईन बाजार जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–103/22 धारा 392/411 भादवि थाना सरपतहा जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.श्री राणा प्रताप यादव थानाध्यक्ष खुटहन जौनपुर एव हमराह टीम। 2.श्री श्रीप्रकाश राय थानाध्यक्ष खेतासराय जौनपुर एवं हमराह टीम। 3.श्री संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष सरपतहा जौनपुर एवं हमराह टीम। 4.श्री आदेश त्यागी प्रभारी स्वाट टीम जनपद जौनपुर एवं उनकी टीम। 5.श्री रामजनम यादव प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद जौनपुर एव उनकी टीम। 4.उ0नि0 राम भवन यादव थाना खुटहन जौनपुर। 5. हे0का0 शिव समुझ यादव,हे0का0 संजय ओझा,का0 रतन लाल गिरी, हे0का0 अरुण सिंह थाना खुटहन जौनपुर।

## आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत 29 मई 2022 में वादों को करें निस्तारित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने अवगत कराया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 मई 2022 को आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों से सम्बन्धित आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर माननीय जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल द्वारा निर्देशित किया गया है कि विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाय। जिसके लिये सम्बन्धित पक्षकारों को शत–प्रतिशत नोटिस तामिला कराया जाय। इसके साथ ही माननीय जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर द्वारा सभी अधिकारियों को उपरोक्त आर्बिट्रेशन वादों में निष्पादन से सम्बन्धित अधिवक्ताओं तथा फाइनेन्स कम्पनियों के अधिकारियों व सम्बन्धित पक्षकारों के साथ प्री–सिटिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कोयला आयात नहीं करेंगे यूपी के ताप बिजलीघर: निजी उत्पादक रद्द करेंगे जारी किए जा चुके टेंडर

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के बिजलीघर कोयला आयात नहीं करेंगे। आयातित कोयले की वजह से प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ने की संभावना के मद्देनजर शासन ने कोयला आयात न करने का निर्णय किया है। केंद्र के भारी दबाव के बावजूद राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने तो इसके लिए टेंडर ही नहीं किए थे। दूसरी तरफ, राज्य सरकार के इस फैसले के बाद निजी उत्पादकों ने भी जारी किए जा चुके टेंडरों को रद्द करने की कवायद शुरू कर दी है। केंद्र सरकार की ओर से ताप बिजलीघरों के लिए कोयला आयात करने का दबाव बनाए जाने के बाद राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिका दायर कर टेंडर पर रोक लगाने की मांग की थी। परिषद का कहना था कि इससे बिजली दरों में इजाफा होगा और आम उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। नियामक आयोग ने विद्युत उत्पादन निगम तथा निजी उत्पादकों रिलायंस, लैनको व बजाज ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया था। नियामक आयोग के रुख को देखते हुए राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एम. देवराज ने पूरी वस्तुस्थिति से शासन को अवगत कराते हुए कोयला आयात करने के संबंध में निर्णय करने का अनुरोध किया था। विद्युत उत्पादन निगम की ओर से बताया गया कि उत्पादन निगम व निजी घरानों द्वारा अगर कोयला आयात किया जाता है तो करीब 11 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्ययभार पडेघ्गा, जिससे उपभोक्ताओं की दरों में 85 पैसे से लेकर एक रुपये प्रति यूनिट तक की वृद्धि हो सकती है। शासन स्तर पर गहन विचार–विमर्श के बाद जनहित में केंद्र सरकार के दबाव को दरकिनार करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र व निजी उत्पादकों द्वारा कोयले का आयात न करने का फैसला किया गया है। ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार की ओर से उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी गई है। उत्पादन निगम के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार के दबाव में कुछ निजी उत्पादकों ने टेंडर जारी कर दिए थे। उत्पादन निगम प्रबंधन ने इन उत्पादकों को हिदायत दी थी कि बिना शासन और उत्पादन निगम की मंजूरी के कोयला आयात के संबंध में अंतिम निर्णय न किया जाए। अब निजी उत्पादक जारी किए गए टेंडरों को रद्द करने की तैयारी में जुटे हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कोयला आयात न करने के फैसले के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन को भी उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला लेने के लिए धन्यवाद दिया है।

## भारतीय जनकल्याण महासमिति का हुआ शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनकल्याण महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्षः– पीयूष कुमार दुबे ने बताया कि विधायक आशुतोष टंडन का आगमन हुआ था। समाज सेविका नम्रता पाठक का भण्डारे के उपरान्त जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया।जेष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगलवार के



पावन अवसर पर भारतीय जनकल्याण महासमिति का शुभारंभ समाज सेविका श्रीमती नम्रता पाठक, विधायक आशुतोष टंडन ने किया। भंडारा देवा पैलेस विराम खंड 1 गोमती नगर में किया गया।उक्त जानकारी देते हुए भारतीय जनकल्याण महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष कुमार दुबे ने बताया कि 5000 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संस्था ने पदाधिकारियों में वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीनदयाल फाउंडेशन संस्था के जौनपुर जिले के पदाधिकारियों में नियुक्ति पत्र व परिचय पत्र वितरित किया गया। मछलीशहर स्थित शैलपुत्री फिलिंग स्टेशन पर आयोजित



एक कार्यक्रम में वरिस्ठ समाजसेवी व दीनदयाल फाउंडेशन की रास्ट्रीय महिला अध्यक्षा डॉ अर्चना शुक्ला जी के द्वारा शैलपुत्री फिलिंग स्टेशन स्थित अपने कार्यालय पर जौनपुर जिले के पदाधिकारियों में संस्था की नियुक्ति पत्र व आई कार्ड प्रदान किया गया और संस्था के पदाधिकारियों को समाजसेवा के प्रति निश्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश प्रवक्ता कृपाशंकर श्रीवास्तव, जिला महासचिव सन्तोष मिश्रा, रास्ट्रीय मीडिया प्रभारी अरुण तिवारी, जिला संगठन मंत्री दया यादव, पत्रकार व मीडिया पदाधिकारी अंकित मौर्या उपस्थित रहे।

## रात में छात्रा के घर आए युवक की हत्या : लड़की को भी मारी गोली

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में युवक और युवती को गोली मारने का मामला सामने आया है। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नैनी के चक हीरानंद निवासी शिवम मिश्रा की पुत्री आयुषी मिश्रा



के घर बुधवार भोर में पीएसी कालोनी निवासी अरुणव सिंह पुत्र सत्य प्रकाश सिंह आया हुआ था। आयुषी के पिता ने बताया कि दोनों छत पर थे तभी गोली चलने की आवाज आई। जब छत पर जाकर देखा तो लड़का मृत अवस्था में पड़ा था लड़की गंभीर घायल थी। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी ने बताया कि मृतक युवक और छात्रा नैनी के महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में साथ पढ़ते थे। छात्रा के पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारी गई है। मौके से चार खोखे भी बरामद हुए हैं। जांच में प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। छात्रा के साथ रहने वाली उसकी बुआ की लड़की ने बताया कि छात्रा और युवक के बीच दोस्ती थी और इंस्टाग्राम पर दोनों चौटिंग करते थे। मृतक युवक के पिता ने बताया कि उनका लड़का भोर में चार बजे टहलने निकला था और फिर लौटा नहीं। मोबाइल पर उन्हें घटना की जानकारी मिली। छात्रा के पिता कांटी गांव थाना कौंधियारा के मूल निवासी हैं। छात्रा के पिता वहीं पर ढाबा चलाते हैं। रात 10 बजे ढाबे से लौटे थे और अपनी लाइसेंसी बंदूक कमरे में रख के सोने चले गए। तड़के तीन बजे करीब लड़की ने बताया कि उसके पेट में दर्द है बाथरूम जा रही है। इसी दौरान वह छत पर पहुंच गई। गहरी नींद में होने के कारण परिजन सो गए। गोली की आवाज सुनकर नींद खुली तो छत पर पहुंचे। मृतक छात्र के पिता मूल रूप से सुल्तानपुर के रहने वाले हैं वहां पीएसी कॉलोनी में कई साल से रहते हैं और पेशे से एलआईसी अभिकर्ता हैं।

## हज समिति द्वारा हज–2022 में जाने वाले हज यात्रियों को दिया जायेगा जिलावार प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज–2022 में जाने वाले हज यात्रियों को जिलावार प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने हेतु निर्धारित केन्द्रों के माध्यम से हज यात्रियों को दिया जाना है। इस सम्बन्ध में हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के सर्कुलर दिनांक 16 मई 2022 को प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार 31 मई 2022 तक जिले में जिला ट्रेनर के माध्यम से हज समिति द्वारा नामित केन्द्रो पर प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में उ0प्र0 राज्य हज समिति द्वारा हज यात्रियों की सूची संलग्न करते हुए मदरसा जामिया मोमिना लिलबनात सिपाह जौनपुर को प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने हेतु केन्द्र बनाया गया है जिसमें नामित ट्रेनर्स के द्वारा ट्रेनिंग/टीकाकरण करायी जानी है। नामित प्रशिक्षण केन्द्र मदरसा जामिया मोमिना लिल बनात सिपाह जौनपुर, नमित ट्रेनर्स का नाम व पता मौलाना अनवर अहमद कासमी, प्रबन्धक, मदरसा जामिया मोमिना लिल बनात जामिया नगर सिपाह जौनपुर। हज 2022 हेतु नामित ट्रेनर्स का नाम एवं पता अयाज अहमद खान मो0 उमरपुर अहमद खान मण्डी जौनपुर मो0 नं0 9451252836, नजीबुर्रहमान नूर मंजिल मो0 मीरमस्त जौनपुर 9889918913 है।

## डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने वूमेन पावर लाइन 1090 के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक–24.05.2022 को डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090 के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। प्रचार वाहन के जरिये जनपद जौनपुर में महिलाओं–बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों और उनके उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूक किया जायेगा । जनपद में स्थित कन्या विद्यालय, बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल पर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान श्री जितेन्द्र दूबे,अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर, श्री अखिलेश



मिश्र, प्र0नि0 लाइन बाजार, श्री किरन मिश्रा, थानाध्यक्ष थाना महिला थाना, उ0नि0 स्नेहा राय, एंटी रोमियो टीम के सदस्य व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) राजकीय महाविद्यालय पिहानी में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लखनऊ मंडल के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अतुल कपूर व कार्यकारी प्राचार्य भैयालाल ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। विद्यालय में मौजूद छात्र–छात्राओं ने वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष लगाएं। इस मौके पर मुख्य अतिथि अतुल कपूर ने कहा कि गुलामी की बेड़ियों से देश को स्वतंत्र कराने की लड़ाई कब शुरू हुई बताना कठिन है, लेकिन गोस्वामी तुलसीदास ने जब 'पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं' का उद्घोष किया तो उनके मानस में देश को स्वतंत्र कराने की ही कामना रही होगी। उन जैसे संतों ने ही हमारे अंदर स्वाभिमान की चिंगारी पैदा की, जो आगे चलकर स्वतंत्रता व स्वराज की मशाल बनकर उभरी और 1947 में हमने आजादी प्राप्त की। स्वाभिमान और स्वतंत्रता के बाद अब देश स्वावलंबन के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर शुरू हुआ 'आजादी का अमृत महोत्सव' स्वावलंबन की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे भारत सरकार ने 15 अगस्त 2023 तक मनाने का निर्णय किया है। विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य भैया लाल ने कहा कि'आजादी का अमृत महोत्सव' प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। यह महोत्सव भारत के लोगों को समर्पित है,



जिन्होंने न केवल भारत को अपनी विकासवादी यात्रा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0 को सक्रिय करने के दृष्टिकोण को सक्षम करने की शक्ति और क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर की भावना से प्रेरित है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक–सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है। "आजादी का अमृत महोत्सव" की आधिकारिक यात्रा 12 मार्च, 2021 को शुरू होती है, जो हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के लिए 75 सप्ताह की उलटी गिनती शुरू करती है और 15 अगस्त, 2023 को एक वर्ष के बाद समाप्त होगी। प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च, 2021 को साबरमती आश्रम, अहमदाबाद से 'दांडी मार्च' को हरी झंडी दिखाकर 'आजादी का अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया। यह समारोह स्वतंत्रता की हमारी 75वीं वर्षगांठ से 75 सप्ताह पहले शुरू हुआ और 15 अगस्त, 2023 को समाप्त होगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विपिन मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## आंचलिक विज्ञान नगरी दे रहा है बच्चों को रोबोटिक्स सीखने का मौका

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में कक्षा तीन से कक्षा बारह तक के बच्चों के लिये रचनात्मक व क्रियात्मक विज्ञान कार्यशाला शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रीष्मावकाश में आयोजित इस हॉबी कैम्प में बच्चें अपनी रूचि के अनुसार रोबोटिक्स, वैज्ञानिक मॉडल, इलेक्ट्रानिक्स के उपकरण, थ्री–डी प्रिन्टिग, साइन्स स्पार्कल, वैज्ञानिक खिलौने आदि को बनाना सीख सकते हैं। विज्ञान नगरी के अधिकारी के अनुसार विज्ञान शिविर का आयोजन 23 मई से आरंभ हो चुका है जो 10 जून तक चलेगा। इस अवधि में तीन क्रियात्मक शिविरों का आयोजन होगा। पहला शिविर 23 से 27 मई, द्वितीय शिविर 30 मई से 03 जून तक तथा तृतीय शिविर 06 जून से 10 जून तक चलेगा। जिसमें विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को अपने हाथो से रचनात्मक विज्ञान के मॉडल जैसे खिलौनें और क्राफ्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह उन्हें विज्ञान के तथ्यों को समझने में सहायता करेगा एवं क्रियात्मक विचारों की सहायता से घर पर भी मॉडल बनाने में




मदद करेगा। क्राफ्ट व मॉडल बनाने का सारा सामान व आवश्यक उपकरण व प्रशिक्षण ऑचलिक विज्ञान नगरी के द्वारा प्रदान किया जायेगा। सफल प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण–पत्र भी दिया जायेगा। उन्होनें बताया कि विज्ञान शिविरों में सीमित स्थान होने के कारण पंजीकरण पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जा रहा है। खाली सीटों पर पंजीकरण फार्म जकी अंतिम तिथि 29 मई है। पंजीकरण प्रातः दस से सॉय चार बजे तक विज्ञान नगरी में किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये विज्ञान नगरी के फोन–0522–2321804 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आस्था को ठेस पहुंचाने के मामले में जावेद ने किया आत्मसमर्पण : शिवलिंग मिलने के दावे पर की थी टिप्पणी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में वजूखाने के पास शिवलिंग मिलने के दावे पर हिंदू धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने के मामले में आरोपी सपा महानगर अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) जावेद अख्तर ने मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि पांडेय की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए इसे जमानतीय अपराध माना और 30–30 हजार रुपये की दो जमानतें व बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत के आदेश पर 14 मई से 16 मई तक हुई कमीशन की कार्यवाही में ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया। 'रंजिश में लिखवाया गया मुकदमा' आरोपी जावेद अख्तर ने 17 मई को ज्ञानवापी प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की थी।



वादी ने इसे हिंदू धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला बयान बताते हुए जैतपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को आरोपी के अधिवक्ता अनुज यादव व नरेश यादव ने अदालत में पक्ष रखा और कहा कि आरोपी के खिलाफ राजनीतिक विद्वेष के चलते मुकदमा दर्ज किया गया है। दलील दी गयी कि वादी विवेक चंद जायसवाल भाजपा के पार्षद हैं और आरोपी भी पार्षद पद का प्रत्याशी था। इसी रंजिश में यह मुकदमा लिखवाया गया है।

## मंहगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ वामपंथी दलों की बैठक संपन्न : देशव्यापी जन अभियान की तैयारी

अयोध्या ब्यूरो : मंहगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ वामपंथी दलों के देशव्यापी जन अभियान की तैयारी को लेकर मंगलवार को वामदलों की हुई बैठक में व्यापक रणनीति बनाई गई। जन अभियान 25 मई से शुरू होकर जिले के विभिन्न हिस्सों, कस्बों, गांवों, बाजारों में पर्चा वितरण, बैठकें, जनसंवाद करते हुए 31 मई को जिला मुख्यालय तहसील सदर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि बेलगाम बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के दोहरे बोझ तले जनता बुरी तरह पिसी जा रही है। पेट्रोलियम पदार्थों, खाद्य तेलों तथा खाद्यान्नों की कीमतों में भारी वृद्धि कर सरकार ने आम जनता को गरीबी की गहरी खाई में धकेल दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतें जहां आसमान छू रही हैं वहीं कोयले का कृत्रिम अभाव दिखा कर बिजली के दामों में भारी वृद्धि की जा रही है। माकपा जिला सचिव अशोक यादव ने कहा कि मंहगाई के साथ साथ बढ़ती बेरोजगारी की दोहरी मार ने जनता की कमर ही तोड़ दी है। मनरेगा के बजट में कटौती की गई है और शहर में रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का अंधाधुंध निजीकरण हो रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी के चलते जहां एक ओर लोगों की आय में गिरावट हो रही है वहीं दूसरी तरफ सरकार लोगों को रोजगार देने के बजाय रिक्त पदों को समाप्त कर रही है। सेना तक में भी 2018 से भर्ती बन्द है। हाल के दिनों में नौजवानों के बड़े–बड़े प्रर्दशन हुए हैं। नतीजा इतना भयावह है कि जगह जगह नौजवानों की आत्महत्याओं की खबरें आ रही हैं। बैठक में उपरोक्त नेताओं के अलावा उमाकांत विश्वकर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रामजी राम यादव, आदि नेता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता को मिशन के रूप में अपनाना ही राजेंद्र पांडे को असली श्रद्धांजलि होगी

अयोध्या। प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में पत्रकार स्वर्गीय राजेंद्र पांडे की आठवीं पुण्यतिथि पर सांसद लल्लू सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनको पत्रकारिता के मिशन के रूप में काम करके उनके आदर्शों को आत्मसात करने को ही असली श्रद्धांजलि बतायी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने आज के दौर में पत्रकारिता पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि चौथे स्तंभ की स्वीकार्यता एक बड़ी चुनौती है इसे मिशन के रूप में स्वीकार करने वालों का इस दौर मैं पत्रकारिता करना बड़ी चुनौती है। दिल्ली से चलकर आई डॉक्टर वसुधा मिश्रा ने भी पत्रकारिता को मिशन के रूप में अपनाने और इसकी चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने करते हुए स्वर्गीय पांडे जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संचालन वरिष्ठ पत्रकार इंद्र भूषण पांडे ने किया कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकार रमा शरण अवस्थी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरि कृष्ण अरोड़ा रामकुमार सिंह नाथ बख्श सिंह सुरेश पाठक हरिश्चंद्र सिंह विवेकानंद पांडे उग्रसेन मिश्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बांके बिहारी मणि त्रिपाठी महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा अवधेश पांडे बादल गिरीश चंद पांडे उर्फ डिप्पुल बिशाल मिश्र वीर भानु प्रताप सिंह कृष्णकांत पाण्डेय दिनकर संजय रस्तोगी रोहित पांडे डीजीसी सिविल राम कुमार राय प्रदीप पाठक आदि ने भाग लिया।

## तेज आँधी से विशाल काय पेड़ गिरा, लोगों का हुआ भारी नुकसान : सभी लोग बाल बाल बचे

अयोध्या।सोमवार की अपराह्न लगभग दो बजे तेज हवा के साथ हुई बारिश से क्षेत्र का आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया।अचानक हुई इस आंधी व बारिश में रुदौली नगर क्षेत्र के बारामासी पौशाला के पास विशालकाय प्राचीन नीम का पेड़ लगभग आठ फुट ऊपर से टूट कर गिर गया।इस विशालकाय पेड़ की चपेट में आकर सड़क किनारे रखी गुमटी,टिन शेड,बिजली लाइन, साईकिल व एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी।तेज आवाज के साथ इस विशालकाय पेड़ के गिरने से हर तरफ चीख–पुकार मच गई।गनीमत रही कि कोई व्यक्ति इस पेड़ की चपेट में नहीं आया लेकिन सड़क के किनारे रखी गुमटियां,ठेले व वहां खड़ी कई बाइक पेड़ की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई।इतना ही नहीं पेड़ की चपेट में आने से सड़क के किनारे लगे तीन–चार बिजली के खांभे भी टूट गए।घटनास्थल पर पहुँचे रुदौली किला चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार यादव द्वारा आनन–फानन में सबस्टेशन से संपर्क कर बिजली सप्लाई बंद करायी गई।वहीं पेड़ के सड़क पर गिरने से रुदौली–बाबाबाजार मार्ग अवरुद्ध हो जाने से आवागमन बाधित रहा, वहीं दीवार गिरने से तीन की पटरंगा थाना क्षेत्र के पुंराय गांव में धूल भरी आंधी पानी से एक मकान की पक्की दीवार गिर गई।जिसकी चपेट में आकर फूल मता पत्नी राम केवल 58 वर्ष,अंकुर पुत्र राम केवल 22वर्ष,अनुज पुत्र रमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें ग्रामीणों ने बनीकोडर सीएचसी में भर्ती कराया जिनकी हालत काफी गम्भीर देखते हूए डाक्टरों तीनो घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।क्षेत्रीय लेखपाल सीमा पाण्डेय ने बताया कि घटना में हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील में प्रेषित कर दी गई है।

## मथुरा की अदालत में लॉ छात्राओं की याचिका पर सुनवाई : वादी पक्ष से मांगे और साक्ष्य

मथुरा ब्यूरो : मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह प्रकरण में लॉ की छात्राओं द्वारा दायर प्रार्थनापत्र पर बुधवार को एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। जिला जज की अदालत में अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह और विधि की छात्राओं ने प्रार्थना पत्र देकर शाही ईदगाह को हटाने और कमीशन गठित करने की मांग की थी। जिला जज ने एडीजे को सुनवाई के लिए भेज दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान वादी पक्ष से कोर्ट ने और साक्ष्य मांगे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 31 मई तय की गई है। 13.37 एकड़ जमीन पर किया है दावा सात छात्राओं सहित दिल्ली–लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने अदालत में याचिका दायर कर 13.37 एकड़ जमीन पर दावा किया है। यह दावा विधि छात्रा उपासना सिंह, अनुष्का सिंह, नीलम सिंह साधना सिंह, अंकिता सिंह, डॉ. शंकुतला मिश्रा (लखनऊ विश्वविद्यालय), दिव्या निरंजन (आईसीएएफएआई देहरादून) के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के अधिवक्ता अंकित तिवारी एडवोकेट, वरुण कुमार मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता रंजन कमार रॉय ने किया है। कोर्ट ने केस से संबंधित और साक्ष्य मांगे विधि छात्राओं और अधिवक्ताओं ने सीपीसी के सेक्शन 92 को आधार मानते हुए यह दावा पेश किया है। इस पर एडीजे की अदालत में सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने वादी पक्ष से जमीन के मालिकाना हक संबंधी और दस्तावेज मांगे हैं। बता दें कि सेक्शन 92 में दावाकर्ताओं ने सभी हिंदू समाज



की ओर से प्रार्थना पत्र दिया है। सेक्शन 92 के तहत दो या दो से अधिक लोगों द्वारा एक मत होकर संस्थान के साथ हुए गलत को जनहित में सही करने के लिए दावा किया जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान के केस पर सुनवाई कल श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह विवाद के मामले में वादी भगवान श्रीकृष्ण विराजमान के केस में गुरुवार को सुनवाई होगी। बता दें कि भगवान श्रीकृष्ण विराजमान को वादी बनाकर सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने 25 सितंबर 2020 को 13.37 एकड़ जमीन पर दावा पेश किया था, जिसमें उन्होंने वर्ष 1973 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट और शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को गलत बताकर इसकी डिक्री को रद्द करने की मांग की है। दो साल बाद अदालत ने इस केस को सुनवाई योग्य मानते हुए दर्ज कर लिया।

## जन जागरूकता हेतु लगायी गयी सूचना विभाग की प्रदर्शनी से आम–जन को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी:–निर्भय वर्मा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद के कार्यालय विकास खण्ड कोथावां में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों नीतियों एवं महत्वपूर्ण निर्णयों पर आधारित एक बृहद प्रदर्शनी की स्थापना 25 मई से 27 मई, 2022 (3 दिवसीय) तक की गयी है। प्रदर्शनी का उद्घाटन जनपद के ब्लाक प्रमुख निर्भय वर्मा जी द्वारा किया गया है। उद्घाटन अवसर पर निर्भय वर्मा जी द्वारा स्थापित प्रदर्शनी को क्षेत्रीय जनता के लिए ज्ञान वर्धक होने के साथ ही साथ प्रेरण श्रोत्र का एक सशक्त माध्यम होना बताया। यह प्रदर्शनी प्रदेश सरकार द्वारा जनता के लिए चलायी जा रही उपलब्धियों, नीतियों एवं महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में क्षेत्रीय जनता को जागरुक किये जाने का एक सबल माध्यम है। ब्लाक प्रमुख निर्भय वर्मा द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पूरा–पूरा मिल सके. इसके लिए प्रदर्शनी जैसे माध्यम को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। क्षेत्रीय जनता को इस प्रदर्शनी की स्थापना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो, तभी प्रदेश सरकार का उद्देश्य पूर्ण होगा। निर्मय जी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि यह प्रदर्शनी प्रदेश सरकार के सूचना विभाग द्वारा विभागीय सूची बद्ध फर्म श्रीमतं ए०वी० कम्युनिकेशन लखनऊ के माध्यम से स्थापित कराया गया है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख द्वारा उद्घाटन अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों को आभार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी स्थापना हेतु सूचना विभाग को बधाई दी।

## एडीजी पीएसी लखनऊ द्वारा 34 वीं वाहिनीं परिसर भ्रमण व निरीक्षण में सब कुछ रहा ओके,हुई तारीफ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी वाहिनी पीएसी बटालियन वाराणसी पीआरओ के मुताबिक पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उत्तर प्रदेश डॉ के०एस०प्रताप कुमार ने वाहिनीं में पहली बार आकर भ्रमण व निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मारने पर उन्होने इस कंपनी के सेनानायक आईपीएस डाक्टर राजीव नारायण मिश्र व उनके टीम की सराहना किया।इस मौके पर कंपनी के सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र ने अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी श्री कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।उनके आगमन के पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक ने 'क्वार्टर गार्ड' का निरीक्षण करते हुए 'मान प्रमाण' ग्रहण किया गया।वही काशी विश्वनाथ मंदिर सुरक्षा में लगी विभिन्न वाहिनियों के आवासीय स्थल 'सुरक्षा लाइंस' का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।सुरक्षा लाइंस की बैरकों के निरीक्षण के उपरांत कोविड–19 के प्रोटोकाल के दृष्टिगत वाहिनी के ग्राउंड पर 34वीं वाहिनी के जवानों का वृहद सैनिक सम्मेलन किया गया।इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी द्वारा संबोधन के दौरान जवानों को अनुशासित रहने, उत्कृष्ट आचरण प्रस्तुत करने एवं स्वस्थ रहने के बारे में अवगत कराया गया।सैनिक सम्मेलन के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने जवानों की व्यवसायिक कठिनाइयों एवं उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का अनुश्रवण एवं निस्तारण किया गया।वही





सैनिक सम्मेलन में 34वीं वाहिनी पीएसी के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी द्वारा इसके पश्चात वाहिनी चिकित्सालय, परिवहन शाखा, मुख्यालय शाखा, सीपीसी कैंटीन, वाहिनीं ड्यूटी दल एवं वाहिनी में प्रचलित आरटीसी आदि का भ्रमण किया गया।भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान डॉ. के एस प्रताप कुमार, आईपीएस द्वारा वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा वाहिनी में साफ सफाई व किए गए विकास कार्यों की सराहना की।इस निरीक्षण के दौरान सेनानायक 34वीं वाहिनी डॉ. राजीव नारायण मिश्र, नरेश यादव, सहायक सेनानायक, क्वार्टर मास्टर देवपाल, सूबेदार मेजर रंजीत तिवारी, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## देना पड़े दो लाख उधार तो लूट की झूठी दे दी : 24 घंटे में ही पुलिस ने जान लिया सच

अयोध्या(संवाददाता सुरेंद्र कुमार की रिपोर्ट : महराजगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरायराशी के पास हुई दो लाख की लूट की सूचना झूठी निकली। उधार लिए गए दो लाख रुपये वापस न देना पड़े इसके लिए कथित पीड़ित ने ही दो लाख लूटे जाने का नाटक रचा। पुलिस ने गहन छानबीन के बाद 48 घंटे के अंदर ही खुलासा कर झूठी सूचना देने वाले काशीराम निवासी राजेपुर को जेल भेज दिया है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बुधवार को यहां बताया कि काशीराम ने पटरंगा के हरिराम से दो लाख उधार लिए थे। वह बार बार पैसे मांग रहा था। मंगलवार को बैंक से पत्नी के खाते से 1 लाख 70 हजार निकाले और 30 हजार उसके पास पहले से थे। इसी को लेकर मंगलवार को उसने तीन बदमाशों द्वारा लूटे जाने की सूचना दे पुलिस को गुमराह किया।पुलिस



ने उसके घर दबिश देकर रुपये भी बरामद कर लिए हैं। रुपये भूसे के ढेर में छिपा कर रखे गए थे।

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 25 मई को भारत बंद का किया आह्वान

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या शहर के तिकोनिया पार्क में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 25 मई को भारत बंद का आह्वान किया गया। शहर के तिकोनिया पार्क में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लगभग सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।जिसने भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा,राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा,युवा मोर्चा आदि संगठनों का समर्थन रहा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग जिला यूनिट के जिलाध्यक्ष संदीप पाल ने बताया कि आज हमने कई मुद्दों को लेकर भारत बंद का आह्वान किया गया है। जैसे केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी की जातिगत जनगणना न करने के विरोध में,म्टड घोटाले




के विरोध में,पुरानी पेंशन स्कीम बहाल किया जाए इत्यादि।

## कपिल सिब्बल ने कांग्रेस का 'हाथ' छोड़ा : अब सपा के सहारे राज्यसभा के लिए नामांकन भरा

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर दिए हैं। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल सपा के समर्थन से राज्यसभा जाएंगे। कपिल सिब्बल ने निर्दलीय के तौर पर राज्यसभा के लिए नामांकन भी कर दिया है। कपिल ने अखिलेश यादव की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के बाद कपिल ने कहा कि 16 को ही उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अब मैं कांग्रेस का नेता नहीं हूं। मैं पिछली बार भी यूपी से राज्यसभा गया था। मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का मोर्चा बना रहे हैं। विपक्ष में रहकर गठबंधन बनाना चाहते हैं। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सपा को कपिल सिब्बल जैसे नेताओं की जरूरत है। कपिल सिब्बल अपनी बात अच्छे से रखते हैं। कपिल सिब्बल एक सफल वकील हैं। इससे पहले, बुधवार दोपहर कपिल सिब्बल ने सपा कार्यालय पहुंचकर अखिलेश यादव से मुलाकात की। यहां से अखिलेश यादव के साथ नामांकन करने पहुंचे। इस दौरान राम गोपाल यादव मौजूद रहे। इससे पहले, समाजवादी पार्टी ने आज अपने राज्यसभा के उम्मीदवार फाइनल किए। सपा ने कपिल सिब्बल को समर्थन दिया, जबकि अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव की राज्यसभा जाएंगी। इसके अलावा जावेद अली खान को भी पार्टी राज्यसभा भेज



रही है। वह पहले भी सपा के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। मालूम हो कि अभी तक राज्यसभा में सपा के पांच सदस्य हैं। इसमें कुंवर रेवती रमन सिंह, विशंभर प्रसाद निषाद और चौधरी सुखराम सिंह यादव का कार्यकाल चार जुलाई को खत्म हो रहा है। बुधवार दोपहर को सपा नेता जावेद अली खान ने भी राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ में पार्टी के नेता रामगोपाल यादव मौजूद रहे। राज्यसभा चुनावः यूपी की 11 सीटों में से भाजपा को 7, सपा को 3 सीट मिलना तय राज्यसभा में यूपी की 11 सीटों के लिए चुनाव 10 जून को होगा। इन सदस्यों का कार्यकाल 4 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसके लिए नामांकन 24 से 31 मई तक दाखिल किए जाएंगे। एक जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 3 जून तक नाम वापस ले सकेंगे। 10 जून को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बृहस्पतिवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया। इन 11 सीटों में से भाजपा को सात व सपा को तीन सीटें मिलना लगभग तय है। सूत्रों के मुताबिक एक सीट के लिए 36 विधायकों का वोट चाहिए। भाजपा गठबंधन के पास 273 विधायक है। ऐसे में उन्हें 7 सीट जीतने में कोई परेशानी नहीं होगी। सपा के पास 125 विधायक हैं। उसे 3 सीट जीतने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन 11वीं सीट के लिए भाजपा व सपा एक दूसरे के खेमे में संेधमारी का प्रयास करेंगे।

## सभी मार्गों से हटेगा अतिक्रमण : अवैध कब्जेदारों में मचा हड़कंप

अयोध्या ब्यूरो : तहसील क्षेत्र के भेलसर रूदौली मार्ग पर अवैध अतिक्रमण कारियो में सोमवार को अचानक हड़कम्प मच गया जब एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव,सीओ रूदौली एसपी तिवारी की टीम पीडब्लूडी की भूमि की नापजोख करने पहुंचे। एसडीएम स्वप्निल यादव ने बताया कि भेलसर रूदौली मार्ग में पीडब्लूडी की भूमि पर जसमड क्षेत्र में आज सीमांकन कर अतिक्रमण करने वालो को चिन्हित कर उन्हें तीन दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे दिया गया है यदि अतिक्रमण नही हटाया तो जेसीबी से उसे हटाया जाएगा जिसका हर्जा व खर्चा अतिक्रमण करने वालो से वसूला जाएगा।बताया कि सभी सरकारी मार्गों को रेवेन्यू मैप के अनुसार अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।इस मौके पर राजस्व निरीक्षक विश्वनाथ सिंह,लेखपाल कैलाश नाथ सिंह,मुन्ना लाल,पुलिस चौकी प्रभारी भेलसर सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारतीय किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

अयोध्या ब्यूरो : भारतीय किसान यूनियन मंडल सचिव पर जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्यवाही न होने पर 27 मई को कोतवाली पर धरना की चेतावनी भारतीय किसान यूनियन ने देते हुए उप जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव को मांगपत्र देकर कहा है कि मंडल सचिव फूलचंद यादव पर बीते 6 जनवरी को जानलेवा हमले में दर्ज मुं0 अ0 स0 9/22 धारा 364,307,394,120 बी आईपीसी में साढे चार माह बाद भी मुख्य आरोपी एवं एक अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई न ही लूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ है।मांगपत्र में कहा गया है गिरफ्तार आरोपी पिंटू ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र में भी अपना पता ग्राम सरसंडा थाना छावनी जिला बस्ती बताया है जबकि थाना छावनी के प्रभारी एवं सरसंडा के ग्राम प्रधान ने लिखित में दिया कि बताए गए पते पर इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता।गलत पता के कारण उनके विरुद्ध मुकदमा चलने में समस्या होगी। आईजीआरएस द्वारा आरोपी पिंटू का सही पता लगाकर उसकी जमानत निरस्त कराने का अनुरोध किया गया लेकिन जांच अधिकारी ललन सिंह राठौर द्वारा विषय से इतर आख्या लगा कर शिकायत निस्तारित कर दी गई।फीडबैक के बाद भी वही पुरानी आख्या लगाकर शिकायत निस्तारित कर दी गई।इस संबंध में यदि 27/5/22 से पहले तीन बिंदु मुख्य आरोपी व अज्ञात की ग्रिफ्तारी,लूटे गए मोबाइल की बरामदगी व आरोपी पिंटू का सही पता लगाकर जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही न की गई तो भारतीय किसान यूनियन 27/5/22 को 11:00 बजे कोतवाली रुदौली पर धरना देने को बाध्य होंगे।इस मौके पर फूलचंद्र यादव, रेखा रावत, रामू विश्वकर्मा, राहुल लोधी, लक्ष्मीकांत व कमल मौजूद रहे।

## तीस घंटे से हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन की बिजली गुल

अयोध्या ब्यूरो : सोमवार की दोपहर आयी आँधी के बाद अभीतक हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन की पिछले तीस घंटों से सप्लाई ठप्प हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली मुहैया कराने का फरमान हवा–हवाई साबित हो रहा है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन की स्थिति इतनी बदतर है कि यहां पर आये दिन बिजली सप्लाई बाधित होती रहती है। बिजली सप्लाई न मिलने से किसानों की खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं की रातें जागकर बीत रही हैं।अवर अभियंता रवि सिंह ने बताया कि मरम्मत का कार्य चल रहा है। फाल्ट ठीक हो जाने के बाद आपूर्ति बहाल हो जायेगी। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन के सेवा क्षेत्र में पिछले तीस घंटे से बिजली सप्लाई बाधित है। इस सबस्टेशन पर वर्तमान समय में चार फीडर चल रहे हैं। कोंछा, हरिनाथपुर, मोतीगंज और इण्डोडच। जिसमें हरिनाथपुर की स्थिति काफी दयनीय है। यहां प्रत्येक तीसरे दिन बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है और कई घंटे के बाद पुनः बिजली सप्लाई सुचारू हो पाती है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन की सप्लाई सोमवार की दोपहर से बाधित है। ग्राम उरुवा वैश्य निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से लाइन खराब रहती है। जिससे खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं ग्राम आदिलपुर निवासी रामेन्द्र मिश्रा ने कहा कि तीस घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बिजली सप्लाई नहीं मिल पायी है। जबकि घुरेहटा निवासी सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन पर बराबर सप्लाई रहती है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से किसानों को सप्लाई नहीं मिल पाती है। कोंछा फीडर के नियामतपुर गांव के विपिन तिवारी ने कहा कि सोमवार को फिर बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। उन्होंने बताया कि हर आये दिन बिजली में ब्रेकडाउन की समस्या से गुजरना पड़ता है। इस बारे में हैरिंग्टनगंज के जेई रवि सिंह ने बताया कि वर्करों द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।